

# जीईईटी सार्वजनिक ऐप उपयोगकर्ता मैनुअल

सूची


| क्रमांक | विषय | पृष्ठसंख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम निष्पादन | 3 |
| 2. | मुख्य स्क्रीन | 4 |
| 3. | योजनाएं खोजना | 5 |
| | व्यक्तियों के लिए योजना खोज | 6 |
| | परिवारों के लिए योजना खोज | 10 |
| 4. | सेटिंग | 13 |
| | सेटिंग्स - गेट डेटा (डेटा प्राप्ति) | 14 |
| | सेटिंग्स - चेंज लैंग्वेज (भाषा का बदलाव) | 15 |
| | सेटिंग्स - चेंज रीजन (क्षेत्र का बदलाव) | 16 |

## प्रथम निष्पादन

जीईईटी सार्वजनिक ऐप जब पहली बार खोला जाता है तो उसे एक विशेष राज्य के लिये योजना संबंधी डेटा डाउनलोड करने की आवश्यकता होती है। इसलिये हमें सबसे पहले राज्यों की सूची के लिये आवेदन करना होगा। एक बार राज्यों की सूची प्राप्त हो जाने के बाद राज्य विशेष का चयन करें जिसके लिये हम योजना खोज संचालित करना चाहते हैं।

| | |
|---|---|
|   |   |
| **चरण 1:** राज्यों की सूची प्राप्त करें | **चरण 2:** योजना संबधी डेटा प्राप्त करने के लिये राज्य चुनें |

एक बार जब उपयोगकर्ता द्वारा राज्य का चयन किया जाएगा, तो ऐप चयनित राज्य के लिये योजनाओं से संबंधित सभी डेटा को डाउनलोड कर लेगा। उपयोगकर्ता को एक सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होगी। डेटा डाउनलोड होते समय ऐप में कोई भी अन्य संचालन नहीं किया जा सकता।

आवश्यक डेटा के सफलतापूर्वक डाउनलोड होने पर मुख्य स्क्रीन दिखाई देगी।

## मुख्य स्क्रीन

नीचे दिए गए स्क्रीनशॉट में हम मुख्य स्क्रीन देख सकते हैं:




जीईईटी की सार्वजनिक ऐप अपने उपयोगकर्ताओं को चयनित राज्य में लागू योजनाओं में से व्यक्तियों या परिवारों के लिये योजना खोज करने की अनुमति देता है।

स्क्रीन के शीर्ष पर, शीर्षक के ठीक नीचे, ऐप वर्तमान में चयनित राज्य दिखाता है।

यहां ऐप के प्रारंभिक कार्य को शुरू करने के लिये दो बटन होते हैं:

1. व्यक्तियों के लिए योजना खोज
2. परिवारों के लिए योजना खोज

स्क्रीन के निचले भाग में, 'सेटिंग्स' बटन होता है।

## योजनाएं खोजना





पहले चरण में, हमें यह चुनना होगा कि हम व्यक्तियों के लिये योजनाओं की खोज करना चाहते हैं या परिवारों के लिए।

जैसा कि नाम से ज्ञात होता है, ‘व्यक्तियों के लिए योजना खोज’ बटन, खोज मानदंडों के आधार पर व्यक्तियों के लिये उपयुक्त उपलब्ध योजनाएं खोजने की अनुमति देता है।

इसी तरह से, ‘परिवारों के लिए योजना खोज’ बटन, खोज मानदंडों के आधार पर परिवारों के लिये उपयुक्त उपलब्ध योजनाएं खोजने की अनुमति देता है।

## व्यक्तियों के लिए योजना खोज:




**पात्रता कार्ड नंबर के उपयोग द्वारा खोज:**
उपरोक्त अनुभाग में समझाया गया तरीका हमें सीधे पात्रता संख्या (ईसीआईडी) दर्ज करके नामित व्यक्ति के लिये उपलब्ध योजनाओं की सूची प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। इस विशेषता के तहत व्यक्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने और उस व्यक्ति के लिए उपलब्ध योजनाओं की जांच करने की सुविधा के लिये **सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन होना आवश्यक है।**

**विशिष्ट मापदंडों के उपयोग द्वारा खोज:**
यदि हमें सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण, आजीविका और रोजगार, आवास आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों से संबंधित सूचना के किसी एक निश्चित मानदंड के अनुसार यह जांचने की ज़रूरत है कि कौन सी योजनाएं लागू होती हैं तो हम जानकारी श्रेणी पर टैप कर सकते हैं, आवश्यक मानदंड दर्ज कर सकते हैं और परिणाम दिखाने के लिए खोज पर टैप कर सकते हैं।

पात्रता नंबर के उपयोग द्वारा व्यक्तियों के लिये योजना खोज परिणाम:




खोज मापदंड के उपयोग द्वारा योजना खोज:




| | |
|---|---|
| सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना खोज मानदंड<br>• राज्य: झारखंड<br>• विकलांगता: हाँ<br>• लिंग: पुरुष<br>• बीपीएल: हां<br>• वैवाहिक स्थिति: विवाहित<br>• स्वयं की कोई भूमि: नहीं<br>• घर का प्रकार: बेघर<br>• आयु: 35<br>• जाति: अनुसूचित जाति<br>• आय का मुख्य स्रोत: मैनुअल अनौपचारिक श्रम<br>• आदिवासी जनजातीय समूह: हां |   |

योजना नाम पर टैप करने से उस योजना का विवरण प्रदर्शित होगा, जैसे कि उसका वर्णन, लागू सरकारी विभाग और योजना के लिये आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज।



## परिवारों के लिए योजना खोज:




**परिवार नंबर के उपयोग द्वारा खोज:**
उपरोक्त अनुभाग में समझाया गया तरीका हमें सीधे परिवार नंबर दर्ज करके नामित परिवार के लिये उपलब्ध योजनाओं की सूची प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। इस विशेषता के तहत परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने और उस परिवार के लिए उपलब्ध योजनाओं की जांच करने की सुविधा के लिये **सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन होना आवश्यक है।**


**विशिष्ट मापदंडों के उपयोग द्वारा खोज:**
यदि हमें सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण, आजीविका और रोजगार, आवास आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों से संबंधित सूचना के किसी एक निश्चित मानदंड के अनुसार यह जांचने की ज़रूरत है कि कौन सी योजनाएं लागू होती हैं तो हम जानकारी श्रेणी पर टैप कर सकते हैं, आवश्यक मानदंड दर्ज कर सकते हैं और परिणाम दिखाने के लिए खोज पर टैप कर सकते हैं।

खोज मापदंड के उपयोग द्वारा योजना खोज:



सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना खोज मानदंड

- बीपीएल: हां
- स्वयं की कोई भूमि: नहीं
- घर का प्रकार: बेघर




## सेटिंग्स


सेटिंग्स स्क्रीन खोलने के लिए, मुख्य स्क्रीन पर 'सेटिंग' बटन पर टैप करें।




सेटिंग्स स्क्रीन के अंतर्गत निम्नलिखित तीन विकल्प उपलब्ध हैं:




- **गेट डेटा (डेटा प्राप्ति)** [सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है]
    - जीईईटी सार्वजनिक ऐप इंटरनेट कनेक्शन के बिना काम करता है। हालांकि, चयनित राज्य की योजनाओं से संबंधित सभी सूचनाएं जीईईटी सर्वर से प्राप्त की जानी चाहिए। ऐप इस डेटा को सबसे पहले निष्पादन के समय प्राप्त करता है। 'गेट डेटा' बटन जीईईटी सर्वर से योजना संबंधित जानकारी में किये गये परिवर्तनों को प्राप्त करता है। नियमित तौर पर 'गेट डेटा' का संचालन करने से योजना संबंधी सूचनाओं को अपडेट रखने में मदद करता है।




- **चेंज लैंग्वेज (भाषा का बदलाव)**
    - नई भाषा चुनें और दूसरी भाषा में बदलने के लिए 'चेंज' पर टैप करें।
    - भाषा बदलने के लिये **सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती है।**
    - वर्तमान में चुनी गई भाषा स्क्रीन के शीर्षक के ठीक नीचे प्रदर्शित होती है।




- **चेंज रीजन (क्षेत्र का बदलाव)** [सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है]
  - संचालन क्षेत्र बदलने के लिए ‘चेंज रीजन’ पर नया राज्य टैप चुनें।
  - वर्तमान में चयनित क्षेत्र स्क्रीन के शीर्षक के ठीक नीचे प्रदर्शित होता है।
  - जब कोई उपयोगकर्ता क्षेत्र को बदलता है, तो ऐप उस क्षेत्र की योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी जीईईटी सर्वर से डाउनलोड करता है। इसलिये, इस संचालन के लिए सक्रिया इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।